कार्यालय नगर पालिका परिषद, बड़नगर जिला उज्जैन

क्रमांक/ 2026/ 2355

बड़नगर दिनांक- 13/10/2026

// विज्ञापन //

कार्यालय नगर पालिका परिषद् बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र. अंतर्गत भारी वाहनों को चलाने हेतु ड्रायवरों की आवश्यकता है। ड्रायवरों की (संविदा) भर्ती हेतु अभ्यार्थियों से निर्धारित प्रारूप पर आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन विज्ञापन प्रकाशन दिनांक 15.10.2026 से दिनांक 16.11.2026 सायं 05:00 बजे तक डाक से अथवा व्यक्तिशः नगर पालिका परिषद् बडनगर जिला उज्जैन के कार्यालय में प्रस्तुत किये जा सकते है।

पदनाम	पद संख्या				योग	न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता	देय मानदेय
	अनारक्षित	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.			
ड्रायवर भारी वाहन (संविदा	1	1	1	1	4	10वीं कक्षा उत्तीर्ण तथा हेवी/लाईट मोटर व्हीकल चलाने का ड्रायविंग तथा अनुभव 01 वर्ष	10000 अथवा कलेक्टर द्वारा स्वीकृत दर

मुख्य शर्तें-

01. आवेदक को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
02. आयु सीमा दिनांक 01.01.2026 को आवेदक की न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं अधिकतम 64 वर्ष होना चाहिये।
03. आवेदक का म.प्र. राज्य के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
04. आवेदक का विवाह निर्धारित न्यूनतम आयु (पुरूष के लिये 21 वर्ष महिला के लिये 18 वर्ष) के पूर्व हो गया हो तो उक्त पद के लिये उसे अयोग्य माना जावेगा।
05. प्राप्त आवेदनों की जाँच के बाद पात्र अभ्यार्थियों को लिखित परीक्षा अथवा साक्षात्कार या दोनो तरीकों से चयन की प्रक्रिया का निर्धारण कर अभ्यर्थियों की अंतिम चयन सूची तैयार की जावेगी।
06. आवेदकों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता अथवा अन्य भत्ता देय नही होगा।
07. आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख स्वयं अथवा राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित होने चाहिये।
08. भर्ती से संबंधित अन्य जानकारी निकाय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।
09. ड्रायवरो के पदों पर संविदा भर्ती 03 वर्ष के लिये की जावेगी।
10. ड्रायवरो के पदों पर संविदा भर्ती मध्यप्रदेश नगर पालिका संविदा (अनुबंध तथा सेवा की शर्तें) सेवा नियम 2021 के तहत की जावेगी।
11. नियुक्ति से संबंधित सभी अधिकार नियुक्ति प्राधिकारी के पास सुरक्षित होंगें।
12. आवेदन भेजने का पता- मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद् बड़नगर हजारी बाग बस स्टेण्ड के पास बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) पिनकोड 456771

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बड़नगर